... सदस्य उपस्थित थे।

कैंप में 105 लोगों की जांच

मानसा | मानसा के गांव करमगढ़ औतांवाली में वेदांता ग्रुप तलवंडी साबो पावर लिमिटेड द्वारा श्री गुरु नानक देव चेरिटेबल अस्पताल भगता भाईका के सहयोग से आंखों की जांच का मुफ्त चेकअप कैंप लगाया गया। कैंप में वेदांता ग्रुप के कमांडर पीसी दास ने बताया कि उनके द्वारा लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए गांवों में कैंप लगाए जा रहे हैं। इस दौरान डॉक्टरों द्वारा 105 मरीजों का चेकअप कर उनको दवाइयां दी गई। इस मौके पर पूर्व डीएसपी रघुबीर सिंह, प्रीती रावत, डॉ.निर्मल सिंह, सुखदीप कौर, विनय शर्मा, बलतेज सिंह ने विशेष सहयोग दिया।